भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. +999
सोमवार, 26 जुलाई, 2021/4 श्रावण, 1943 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

भागलपुर में पर्यटन को बढ़ावा देना

+999. श्री कोमती रेड्डी वेंकट रेड्डी:
श्री कोथा प्रभाकर रेड्डी:
श्री मन्ने श्रीनिवास रेड्डी:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने कोविड-19 की स्थिति के कारण कुम्भ मेला सहित पर्यटन और संस्कृति से संबंधित उत्सवों को रद्द/सीमित किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) इस संबंध में क्या प्रतिक्रिया प्राप्त हुई और किन सावधानियों को बरता गया?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (ग): त्योहारों का आयोजन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की सरकारों द्वारा किया जाता है, जिनके लिए पर्यटन मंत्रालय द्वारा योजना के तहत निधि प्रदान की जाती है । योजना के तहत एक वर्ष में एक राज्य को अधिकतम 50.00 लाख रुपये और केंद्र शासित प्रदेश के लिए 30.00 लाख रुपये की निधि पर विचार किया जाता है ।

योजना के तहत चालू वित्तीय वर्ष में नागालैंड और पंजाब से निधि हेतु प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं । इस प्रकार पर्यटन मंत्रालय ने पर्यटन से संबंधित त्योहारों को रद्द/सीमित नहीं किया है और राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों की सरकारें कोविड -19 दिशानिर्देशों के अनुसार त्योहारों के आयोजन पर निर्णय लेती हैं ।

*****